आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

.....

चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गए हैं। आज ही हिन्दू नववर्ष भी शुरू हो गया है। नवरात्र के लिए सभी शक्तिपीठों सहित मां दुर्गा के अन्य ऐतिहासिक मंदिरों में विशेष हवन यज्ञ के आयोजन की तैयारियां की गई हैं और मंदिरों को रंग–बिरंगे फूलों से ढंग से सजाया गया है। नवरात्र के पहले दिन आज मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा–अर्चना की जा रही है। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी व ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी जी में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंदिरों के आसपास अतिरिक्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

इधर राजधानी शिमला स्थित कालीबाड़ी मंदिर, तारादेवी मंदिर में भी सुबह से भक्तजन कतारबद्ध होकर माता के दर्शन कर रहे हैं।

आकाशवाणी का आराधना यूट्यूब चैनल नवरात्र के लिए आज से 6 अप्रैल तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। समारोह का विशेष आकर्षण अनूप जलोटा, नरेन्द्र चंचल, जगजीत सिंह, हरिओम शरण, महेंद्र कपूर और अनुराधा पौडवाल द्वारा प्रस्तुत नवरात्र भजन होंगे। चैनल देश भर के विभिन्न शक्ति पीठों पर विशेष फीचर भी प्रस्तुत करेगा।

.....

हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला का दूसरा दीक्षांत समारोह आज न्यायिक अकादमी घंडल में होगा। समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी समारोह में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एम. सुन्दरेश, न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. महादेवन और प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया समारोह में मौजूद रहेंगे।

.....

केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर चक्रीय अर्थव्यवस्था स्थापित करने, रोजगार सृजित करने और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राज्यसभा में सांसद सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए चक्रीय प्लास्टिक और संधारणीय रसायनों के डाउन स्ट्रीम उत्पान को सक्षम करने के लिए मुम्बई स्थित एक कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

.....

पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए हिमाचल सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए इंडिया टुडे ग्रुप ने राज्य को दो श्रेणियों में सम्मानित किया है। दिल्ली में आयोजित एक समारोह में बीड़–बिलिंग को एडिटर च्वाईस बेस्ट एडवेंचर डेस्टिनेशन और धर्मशाला को बेस्ट माउंटेन डेस्टिनेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य सरकार की ओर से

आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती ने ये पुरस्कार प्राप्त किए। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और कहा कि राज्य सरकार पिछले दो वर्षों से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आगामी वर्षों में पर्यटन क्षेत्र को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है ताकि प्रदेश मे आने वाले पर्यटकों को और बेहतर व अविस्मरणीय अनुभव मिल सके।

.....

हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं को प्रदान की जाने वाली बिजली की दरों से संबंधित टैरिफ आदेश जारी किया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि आयोग ने अधिकांश उपभोक्ता वर्गों के लिए बिजली दरों में कमी की है, जिससे प्रदेश के लोगों को राहत मिलेगी। विशेष रूप से, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ में 15 पैसे प्रति यूनिट की कटौती की गई है, जिससे बिजली बिलों में कमी आएगी। प्रदेश सरकार जल्द ही आयोग द्वारा जारी टैरिफ आदेश की विस्तृत समीक्षा के बाद विभिन्न उपभोक्ता वर्गों के लिए वित्त वर्ष 2025–26 के उपदान की घोषणा करेगी।